प्रश्न प्रत्र - 2

विषय –हिंदी (आधार)

कक्षा – बारहवीं

निर्धारित समय : 2 घंटे **अधिकतम अंक : 40**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

इस प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है।

इस प्रश्न पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए है। आपको **07** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

Q.1 निम्नलिखित दिए गए 03 शीर्षकों में से किसी 01 शीर्षक का चयन कर लगभग 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : **[5 × 1 = 5 अंक]**

(a) गुम होता बचपन

(b) पोलीथिन पर प्रतिबन्ध

(c) गाँव चले शहरों की ओर

Q.2 प्रधानाचार्य, रा.उ.मा. विद्यालय, रामगढ़, राजस्थान की ओर से विधान सभा सचिव को अपने विद्यालय विद्यालय के कला संकाय के छात्रों को विधान सभा अधिवेशन देखने की अनुमति प्रदान करने हेतु एक पत्र लिखिए। **[5 × 1 = 5 अंक]**

अथवा

विद्यालय में व्याप्त अवयवस्था यथा फर्नीचर की स्थिति, प्रयोगशाला सामग्री, पुस्तकालय की अव्यवस्था तथा खेलकूद सामग्री के अभाव की ओर ध्यानाकर्षण हेतु स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ का छात्र मानते हुए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

Q.3(i) कहानी में पात्रों अथवा चरित्रों का क्या महत्त्व है? **[3 × 1 = 3 अंक]**

अथवा

नाटक में चित्रित पात्र कैसे होने चाहिए ?

(ii) संपादकीय का समाचार–पत्र के लिए क्या महत्व है? **[2 × 1 = 2 अंक]**

अथवा

सार्थक आलेख के गुण बताइए।

Q.4(i) अच्छे फीचर की विशेताएँ बतलाइए **[3 × 1 = 3 अंक]**

अथवा

.समाचार लेखन के लिए छः ककार क्या हैं और ये क्यों आवश्यक हैं?

(ii) रेडियो के लिए समाचार लेखन में किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए? **[2 × 1 = 2 अंक]**

अथवा

आलेख और फीचर में अंतर स्पष्ट कीजिये

Q.5 निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[3×2 = 6 अंक]**

(i) .'उषा' कविता में भोर के नभ की तुलना किससे की गई है और क्यों ? **[3 अंक]**

(ii) लक्ष्मण के मूर्चिछत होने पर राम क्या सोचने लगे? **[3 अंक]**

(iii) खुद का पर्दा खोलने से क्या आशय है? **[3 अंक]**

Q.6 निम्नलिखित 04 प्रश्नों में से किन्ही 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[3×3 = 9 अंक]**

(i) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा ? **[3 अंक]**

(ii) क्या सब कानून, हुकूमत के ही होते हैं। कुछ मोहब्बत, मुरौबत, आदमियत, इंसानियत के नहीं होते हैं। उक्त कथन में निहित आशय स्पष्ट कीजिए। **[3 अंक]**

(iii) जाति प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण कैसे बनी हुई है ? **[3 अंक]**

(iv) महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था ? **[3 अंक]**

Q.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[3 + 2 = 5 अंक]**

(i) सिंधु सभ्यता साधन–संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था, कैसे? **[3×1 = 3 अंक]**

अथवा

'डायरी के पन्नें' पाठ के आधार पर बताइए कि ऐन की डायरी एक ऐतिहासिक दौर का दस्तावेज हैं।

(ii) पुरातत्व के किन चिह्नों के आधार पर आप यह कह सकते हैं कि–"सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी।" **[2 × 1 = 2 अंक]**

अथवा

ऐन ने अपनी डायरी 'किट्टी' (एक निर्जीव गुड़िया) को संबोधित चिट्ठी की शक्ल में लिखने की जरूरत क्यों महसूस की होगी?

node06\B0BA-BB\Kota\Board Material\Hindi\Sikar Papers\CBSE\Paper-2